बिहार सरकार
ग्रामीण विकास विभाग

ग्रामीण विकास विभाग योजनाओं के क्रियान्वयन, अनुश्रवण और गुणवत्ता की स्वतंत्र निगरानी हेतु कटिबद्ध है। इसके लिए विभाग द्वारा सूचीवद्धता पर राज्य स्तरीय गुणवत्ता अनुश्रवक (State Quality Monitor) को सूचीवद्ध करने का निर्णय लिया गया है ।

SQM की सूचीवद्धता कार्य आधारित होगी। कार्य निष्पादन हेतु उन्हें उन क्षेत्रों का दौरा करना होगा जहाँ वास्तव में योजनाए क्रियान्वित होती है। क्षेत्र भ्रमण का कार्यकम पॉच दिवसीय होगा जिसमें उन्हें लाभान्वितों से मिल कर, योजनाओं की जानकारी, क्रियान्वयन की स्थिति तथा सृजित परिसंपत्तियों की गुणात्मक जॉच करनी होगी तथा जॉच प्रतिवेदन विभाग को समर्पित करना होगा ।

SQM को मनरेगा अन्तर्गत अनुश्रवण एंव गुणवत्ता जॉच के अलावा उन कार्यों का भी निष्पादन करना होगा जो समय समय पर ग्रामीण विकास विभाग उन्हे उपलब्ध कराया जायेगा, इसमें अन्य योजनाओं की गुणात्मक जॉच के अलावा ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त शिकायतें या अन्य कार्य इत्यादि होगें।

सूचीवद्धता की शर्ते :-

1. SQM का चयन 2 वर्षो के सूचीवद्धता (Empanelment) के आधार पर किया जायेगा । उनके द्वारा संपादित कार्यो की वार्षिक समीक्षा की जायेगी । सेवा संतोषपद्र रहने की स्थिति में उनकी सेवा विस्तार 1 वर्ष के लिए किया जा सकेगा । कार्य संतोषदप्रद नहीं होने की दशा में सूचीवद्धता रद्द की जा सकती है।
2. SQM का चयन, प्रशासन, शिक्षा, लेखा, अंकेक्षण, पुलिस, अभियंता, कृषि, योजना एवं सांख्यिकी, पशुपालन एवं मत्स्य तथा वन सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारियों, **जो संयुक्त सचिव स्तर**(पे-बैन्ड:4,ग्रेड पे 8700 रू0) **अथवा इसके उपर स्तर के हो** तथा समाजशास्त्र / सामाजिक क्षेत्र / के कार्यों का अनुभव हो, से किया जायेगा ।
3. SQM को प्रतिदिन 1500/- रू0 मानदेय देय होगा (यात्रा भत्ता अलग से) ।
4. SQM को आवंटित जिले में 5 दिवसीय दौरा करना होगा। (यात्रा के अलावा)।
5. SQM को प्रतिवेदन तैयार करने हेतु 3000/- रू0 अलग से दिया जायेगा।

योग्यता :-

SQM पद हेतु न्यूनतम आर्हता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होगा। अचूक सत्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट ख्याति प्राप्त व्यक्ति को प्राथमिकता दी जायेगा।

उम्र सीमा - 66 वर्ष (दिनांक - 01.07.2016 आधारित) ।

आवेदन प्रक्रिया :-

योग्य उम्मीदवारों से विभागीय वेबसाईट rdd.bih.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन 30 जून 2016 को 5:00 बजे अपराहन तक आमंत्रित किया जाता है ।

27/5/2016

सचिव
ग्रामीण विकास विभाग

नियुक्ति के शर्त- 2016